मुख्यमंत्री सचिवालय

प्रेस विज्ञप्ति

रांची,दिनांक: 20/07/2024

सूचना भवन, देवघर

==================

जिला जनसम्पर्क कार्यालय

=====================

दिनांक-20.07.2024

प्रेस विज्ञप्ति संख्या-738

=====================

■ माननीय मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में राजकीय श्रावणी मेला, 2024 की तैयारियों की विस्तृत समीक्षा बैठक का आयोजन....

=====================

■ देवतुल्य श्रद्धालुओं को राजकीय श्रावणी मेला में मिले हर संभव सुविधाः- माननीय मुख्यमंत्री.....

=====================

■ सुविधा, सुरक्षा, स्वच्छता और विनम्रता पर श्रावणी मेला में रहे जोर:- माननीय मुख्यमंत्री....

====================

■ जवाबदेही और जिम्मेदारी के साथ अपने कर्तव्यों पर रहे मुस्तैद:- माननीय मुख्यमंत्री....

====================

आज दिनांक 20.07.2024 को माननीय मुख्यमंत्री श्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में राजकीय श्रावणी मेला, 2024 (देवघर-बासुकीनाथ) के तैयारियों की विस्तृत समीक्षा बैठक का आयोजन देवघर परिसदन के सभागार में किया गया। इस दौरान बैठक से पर्व उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी श्री विशाल सागर ने माननीय मुख्यमंत्री, माननीय विधायक, मुख्य सचिव एवं वरीय अधिकारियों का स्वागत किया।

इसके अलावे बैठक के दौरान माननीय मुख्यमंत्री श्री हेमंत सोरेन जी ने राजकीय श्रावणी मेला, 2024 को लेकर की गयी विभिन्न तैयारियों की बिन्दुवार समीक्षा करते हुए संबंधित वरीय अधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारियों को निदेशित करते हुए कहा कि सुविधा, सुरक्षा, स्वच्छता और विनम्रता मेला की मूल संवेदना रहनी चाहिए, ताकि देश दुनिया से जो भी श्रद्धालु बाबा नगरी आये वह एक अच्छा संदेश लेकर जाए। सबसे महत्वपूर्ण है कि मेला क्षेत्र में श्रद्धालुओं को हर संभव सुविधा मुहैया करायी जाय, जिससे की सुरक्षित व सुलभ जलार्पण सभी मेला के दौरान कर सके। आगे माननीय मुख्यमंत्री ने कहा कि सेवा भावना से सबको कार्य पर लगाएं। मुख्यमंत्री ने जोर दिया कि पुलिस बल के लोग, प्रशासन के लोग और भी कोई जो कर्तव्य पर रहें सभी कांवरियों के साथ अपना व्यवहार विनम्र रखें।

■ सम्पूर्ण मेला क्षेत्र में चाक चौबन्द रहे व्यवस्था....

इसके अलावे बैठक के दौरान पेयजल, आवासन, शौचालय, स्वास्थ्य सुविधा, ट्रैफिक व्यवस्था, पार्किंग की सुविधा, स्नानागार, साफ-सफाई, विद्युत व्यवस्था, सुचना तंत्र, गरमी से निजात की व्यवस्था के अलावा माननीय मुख्यमंत्री जी ने कहा कि मेला क्षेत्र में चाक चौबन्द व्यवस्था रहे। पूरे शहर में साफ-सफाई के साथ वैकल्पिक व्यवस्था के साथ रोशनी रहे कहीं भी अंधेरा ना रहे। अस्पताल और हेल्थ सेंटर में डॉक्टर रहें तथा एम्बुलेंस प्रत्येक लोकेशन पर रहे। एनडीआरएफ की टीम और प्रशासन किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार रहे। सभी थाना, ओपी और ट्रैफिक ओपी संवेदनशील रहें, ताकि विधि-व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था पार्किंग और यातायात में कोई समस्या न आये। आगे माननीय मुख्यमंत्री ने मेला के दौरान देवघर से दुमका मार्ग में चल रहे फोरलेन कार्यों के साथ मोहनपुर प्रखंड अंतर्गत नवनिर्मित रेलवे क्रोसिंग की वजह से श्रद्धालुओं को किसी प्रकार कि असुविधा न हो, इसको लेकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिया गया।

इस दौरान उपरोक्त के अलावे माननीय विधायक जरमुंडी,श्री बादल पत्रलेख, श्री एल० खियांग्ते, मुख्य सचिव, श्री अजय कुमार सिंह, प्रधान सचिव, स्वास्थ्य एवं प०क० विभाग, श्री सुनिल कुमार, प्रधान सचिव, पथ निर्माण विभाग, श्री अजय कुमार सिंह, महानिदेशक-सह-पुलिस महानिरीक्षक, श्री राजेश कुमार शर्मा, सचिव, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, संथाल परगना कमिश्नर श्री लालचंद डाडेल, संथाल परगना डी0आई0जी श्री संजीव कुमार, उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी दुमका श्री आंजनेयुलू दोड्डे, उपायुक्त सह जिला दण्डाधिकारी श्री विशाल सागर, पुलिस अधीक्षक श्री पीताम्बर सिंह खेरवार, पुलिस अधीक्षक श्री अजित पीटर डुंगडुंग, अनुमंडल पदाधिकारी देवघर श्रीमती सागरी बराल, अनुमंडल पदाधिकारी मधुपर श्री आशीष अग्रवाल, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी श्री ऋत्विक श्रीवास्तव, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी श्री राहुल कुमार भारती एवं संबंधित अधिकारी, अभियंता, पुलिस पदाधिकारी आदि उपस्थित थे।

================== #TeamPRD(Deoghar)